| तारीख हुकम | हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>राजस्व आवेदन संख्या 1320/2017 तहसीलदार बाडमेर बनाम गिरधारीराम | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 20.2.20 | | |

पत्रावली पेश हुई। पैरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थी गिरधारीराम, चम्पालाल पिसरान पोकराराम, नोजी पत्नी पोकराराम, प्रेहलादराम, पीराराम, चनणाराम, केवलराम पिसरान हंजारीराम जाति नाई, मूलाराम पुत्र देवाराम, भैराराम पुत्र आम्बाराम जाति नाई निवासी गालाबेरी तहसील व जिला बाडमेर द्वारा पूर्व में जवाव प्रस्तुत किया जा चुका है, जिनकी पहचान श्री पुरखाराम पटवारी हल्का शिवकर तहसील बाडमेर ने की, जिसे अभिलेख पर लिया गया।

पैरोकार सरकार द्वारा आवेदन में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए निवेदन किया कि आवेदन में अंकित खसरान में ग्राम गालाबेरी में स्थाई रास्ता जो कटाण मार्ग (डामर सड़क) से नाईयों की ढाणियां तक जा रहा है, जिसकी लम्बाई 0.210 किलोमीटर है, जिस पर कच्ची सड़क बनी हुई है, जो संलग्न नक्शे में बरंग लाल दर्शायी गयी है। लिहाजा राजस्व रेकर्ड में सम्बन्धित पक्षकारान के खाते में गै.मु. रास्ता के रूप में अंकन करावें।

अप्रार्थी गिरधारीराम, चम्पालाल पिसरान पोकराराम, नोजी पत्नी पोकराराम, प्रेहलादराम, पीराराम, चनणाराम, केवलराम पिसरान हंजारीराम जाति नाई, मूलाराम पुत्र देवाराम, भैराराम पुत्र आम्बाराम जाति नाई निवासी गालाबेरी तहसील व जिला बाडमेर द्वारा जवाब प्रस्तुत किये कि उक्त रास्ते पर कदीमी रास्ता है तथा सभी का आवागमन हेतु मार्ग काम में आता है। तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर हमारे खसरे में सड़क के रकबे को रास्ते के रूप में दर्ज किया जाता है तो उन्हे कोई आपति नही है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात का भी अवलोकन किया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि आवेदन में अंकित खसरान में कच्ची सड़क बनी हुई है, जो काम आ रही है, परन्तु राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है, जिसे राजस्व अभिलेख में सम्बन्धित के खाते में दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है।

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

अतः तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार

Scanned with CamScanner

| तरीखहुकम | हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>राजस्व आवेदन संख्या 1329/2017 तहसीलदार बाड़मेर बनाम गिरधारीरा |
|---|---|

किया जाता है। तहसीलदार बाड़मेर मौजा गालाबेरी पटवार क्षेत्र शिवकर तहसील व जिला बाड़मेर की निम्नानुसार भूमि स्थाई रास्ते के रूप में जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से दर्शाई गई है को सम्बन्धित खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में गैर मुमकिन रास्ते के रूप में दर्ज कर नक्शा में तरमीम करावे:–

| क्र. सं. | नाम खातेदार | ख.नं. | कुल रकबा (बीघा में) | रास्ते की लम्बाई–चौड़ाई (फीट में) | रास्ते में प्रभावित रकबा (बीघा में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गिरधारीराम चम्पालाल पिसरान पोकरराम नोजी पत्नी पोकरराम प्रेहलादराम पीराराम चनणाराम केवलाराम पिसरान हरजीराम जाति नाई सा. देह खातेदार रहन गिरधारीराम पुत्र पोकरराम नोजी पत्नी पोकरराम के हिस्से की भूमि एसबीबीजे शाखा कुड़ला | 782/474 | 16.0 | 690X13.5 | 0.10.14 |
| 2 | मूलाराम पुत्र देवाराम जाति नाई सा. देह खातेदार | 813/475 | 5.01 | 508X13.5 | 0.07.18 |
| 3 | भैराराम पुत्र आम्बाराम जाति नाई सा. देह खातेदार रहन सम्पूर्ण भूमि एसबीबीजे शाखा कुड़ला | 811/475 | 4.09 | 182X13.5 | 0.02.16 |

नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Scanned with CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Neeraj Mishra
Date: 2020.06.25 13:11:50 IST
Reason: SelfAttested
Location: